रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003–05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 12] नई दिल्ली, मार्च 14–मार्च 20, 2010, शनिवार/फाल्गुन 23–फाल्गुन 29, 1931
No. 12] NEW DELHI, MARCH 14—MARCH 20, 2010, SATURDAY/PHALGUNA 23—PHALGUNA 29, 1931

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(भूमि संसाधन विभाग)

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2010

सा.का.नि. 54.—दिनांक 13-3-2008 की अधिसूचना सं. एफ-12012/1/2008-प्रशासन में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय में श्री डी.पी. सिंह, निदेशक, भारत सरकार, को भूमि संसाधन विभाग में निष्पादित किए जाने वाले सभी विषयों के संबंध में केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी से सम्पर्क करने संबंधी सूचना निम्नानुसार है :–

अधिकारी का नाम	पदनाम	दूरभाष नं.	ई-मेल पता
श्री डी.पी. सिंह	निदेशक	011-23063174	rti-dolr@nic.in

केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) सूचना चाहने वाले व्यक्तियों से प्राप्त अनुरोधों पर कार्रवाई करेगा तथा इस प्रकार की सूचना चाहने वाले व्यक्तियों को यथोचित सहायता प्रदान करेगा। केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी कर्तव्यों के उचित निर्वहन के लिए किसी भी अन्य अधिकारी, जैसा आवश्यक समझा जाए, की सहायता ले सकता है। ऐसा कोई भी अधिकारी, जिससे ऊपर उल्लिखित अधिनियम के अंतर्गत

सहायता की अपेक्षा की गई है, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) को सभी प्रकार की सहायता मुहैया कराएगा और इस अधिनियम के उपबंधों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन के प्रयोजनार्थ ऐसे किसी अन्य अधिकारी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 5(5) के तहत केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) के रूप में माना जाएगा ।

3. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न उपबंधों, विशेष रूप से धारा 25 के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) द्वारा उसे प्राप्त हुए अनुरोधों की संख्या तथा की गई कार्रवाई के संबंध में ब्यौरा रखा जाएगा ।

4. उप महानिरीक्षक (प्रशासन), भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, अधिनियम की धारा 19(1) के अंतर्गत अपील प्राधिकारी होंगे ।

श्री आर. एम. मिश्रा
उप महानिरीक्षक (प्रशासन)
दूरभाष (011) 23063160
ई-मेल rti-dolr@nic.in

[सं. फा. 12012/1/2008-प्रशासन]
नवीन चन्द्र, अवर सचिव

MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT

(Department of Land Resources)

New Delhi, the 13th January, 2010

G.S.R. 54.—In Partial Modification of Notification No. F-12012/1/2008-Admn. dated 13-3-2008, Shri D.P. Singh, Director to the Government of India in the Department of Land Resources, Ministry of Rural Development is designated as Central Public Information Officer (CPIO) in respect of the all subjects handled in the Department of Land Resources. The contact details of the CPIO are as under :

Name of Officer	Designation	Telephone No.	E-mail address
Shri D.P. Singh	Director	011-23063174	rti-dolr@nic.in

The Central Public Information Officer (CPIO) shall deal with requests from persons seeking information and render reasonable assistance to the persons seeking such information. The Central PIO may seek the assistance of any other officer as may be considered necessary for the proper discharge of duties. Any officer, whose assistance has been sought under the above mentioned Act, shall render all assistance to the Central PIOs and for the purposes of any contravention of the provisions of this Act, such other officer shall be treated as Central PIO under Section 5(5) of the Right to Information Act, 2005.

3. The CPIO is to maintain the details regarding the number of requests received and action taken so as to ensure compliance with the various provisions particularly Section 25 of the Right to Information Act, 2005.

4. The Appellate Authority u/s 19(1) of the Act is DIG (Administration) in the Department of Land Resources, Ministry of Rural Development.

Shri R. M. Misra
DIG (Administration)
PH-(011) 23063160
E-mail address: rti-dolr@nic.in

[No. F-12012/1/2008-Admn.]

NAVIN CHANDRA, Under Secy.

कृषि मंत्रालय

(पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग)

नई दिल्ली, 10 मार्च, 2010

सा.का.नि. 55.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कृषि मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग में उपायुक्त (डेयरी विकास) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, उपायुक्त (डेयरी विकास) समूह 'क' भर्ती नियम, 2010 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. पद संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतनमान.—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि .—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. निरर्हता.—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह अथवा कांट्रेक्ट विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या कांट्रेक्ट विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. शिथिल करने की शक्ति.—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. व्यावृत्ति.—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या योग्यता के आधार पर चयन अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
उपायुक्त (डेयरी विकास)	1* (2010) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय ।	वेतन बैंड 3, 15600-39100/- ग्रेड वेतन 7600/- रु.	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन किया जाएगा
(11)	(12)
प्रोन्नति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।	**प्रोन्नति :** ऐसे सहायक आयुक्त (डेयरी विकास) जिसने 15600-39100 (वेतन बैंड-3) ग्रेड वेतन 6600 रुपए के ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा की है । **टिप्पण 1 :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, जहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसे अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो । प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा भी सम्मिलित है): केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य शासित क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त या वैज्ञानिक संगठनों या कृषि विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या परिषदों के अधीन ऐसे अधिकारी जो– (क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् प्रदान किए गए ग्रेड में 15600-39100 रुपए (वेतन बैंड-3) व 6600 रुपए ग्रेड वेतन के समतुल्य वेतनमान में 5 वर्ष की नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हो : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डेयरी प्रौद्योगिकी या डेयरी विज्ञान में डिग्री । (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डेयरी प्रौद्योगिकी या डेयरी विभाग में विशेषज्ञता के साथ डेयरी में स्नातकोत्तर डिग्री । (iii) डेयरी विकास में, सरकारी या सहकारी क्षेत्र मान्यताप्राप्त अनुसंधान और विकास संस्थान में ज्येष्ठ पद पर दस वर्ष का अनुभव । **टिप्पण :** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

	(12)
	प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(13)	(14)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) 1. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य —अध्यक्ष 2. संयुक्त सचिव (डेयरी विकास), पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग —सदस्य 3. संयुक्त सचिव (प्रशासन) पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग —सदस्य	भर्ती के समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है ।

[फा. सं. ए-12018/1/2008-प्रशासन-1]

पी. एल. मीना, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries)

New Delhi, the 10th March, 2010

G.S.R. 55.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Deputy Commissioner (Dairy Development) in the Ministry of Agriculture, Department of Animal Husbandry Dairying and Fisheries, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Ministry of Agriculture, Department of Animal Husbandry Dairying and Fisheries, Deputy Commissioner (Dairy Development) Group 'A' Post, Recruitment Rules, 2010.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, its classification and scale of pay.—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications, etc.—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule.

4. Disqualifications.—No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	No. of post	Classification	Pay Band and Grade Pay or Scale of Pay	Whether Selection post or Non-selection post	Whether benefits of added years of service admissible under Rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Age limit for direct recruits
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1. Deputy Commissioner (Dairy Development)	1* (2010) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Services, Group 'A' Gazetted, Non-Ministerial.	PB-3 Rs. 15600-39100 with Grade Pay of Rs. 7600.	Selection	Not applicable	Not applicable

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of Probation, if any
(8)	(9)	(10)
Not applicable	Not applicable	Not applicable

Method of recruitment : Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption is to be made
(11)	(12)
Promotion failing which by deputation (including short term contract).	**Promotion :** Assistant Commissioner (Dairy Development) with five years regular service in the grade in the scale of pay of Rs. 15600-39100 (PB-3) with Grade Pay of Rs. 6600. **Note :—**Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. **Deputation (including short term contract) :** Officers under the Central Government or State Governments or Union Territories or Public Sector Undertakings or Autonomous or Statutory Organisations or Agricultural Universities or recognised Research Institutions or Councils : (a) (i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre or department; or

	(12)
	(ii) with five years' service in the grade rendered after appointment therto on a regular basis in the scale of pay of Rs. 15600-39100 (PB-3) with grade pay of Rs. 6600 or equivalent in the parent cadre or department; and (b) possessing the following educational qualifications and experience : (i) Degree in Dairy Technology or Deiry Science from a recognised University or Institute. (ii) Post Graduate Degree in Dairying with specialisation in Dairy Technology or Dairy Science from a recognised University or Institute. (iii) Possessing ten years' experience in a senior capacity in Dairy Development or Research in the Government or Co-operative Sector or in a recognised Research and Development Institution. **Note :** The departmental officers in the feeder categories who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, deputationist shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. Period of deputation including the period of deputation (ISTC) in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed four years. The maximum age limit for appointment by deputation (ISTC) shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of application.

If a Departmental Promotional Committee exists what is its composition ?	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(13)	(14)
Group 'A' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) : 1. Chairman or Member, Union Public Service Commission —Chairman 2. Joint Secretary (Dairy Development), Department of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries —Member 3. Joint Secretary (Administration), Department of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries —Member	Consultation with the Union Public Service Commission necessary at the time of recruitment.

[F. No. A-12018/1/2008-Admn. I]

P. L. MEENA, Under Secy.

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2010

सा.का.नि. 56.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, हिसार (समूह 'ग' समूह 'घ') भर्ती नियम, 2005 को, जहां तक उनका संबंध बिजली मिस्त्री के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, कृषि मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी और मात्स्यिकी विभाग के केन्द्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, हिसार में बिजली मिस्त्री के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कृषि मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी और मात्स्यिकी विभाग, केन्द्रीय भेड़ प्रजनन फार्म, हिसार बिजली मिस्त्री (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2010 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह करने की संविदा की है या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	पुनरीक्षित वेतन बैंड/ वेतनमान और ग्रेड वेतन	चयन अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
बिजली मिस्त्री	1* (एक) (2009) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय	वेतन बैंड-1 5200-20200 रु. ग्रेड वेतन 2400 रु.	लागू नहीं होता	नहीं	केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 30 वर्ष के बीच और नीचे 40 वर्ष तक (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक) की जा सकती है ।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(8)	(9)	(10)
आवश्यक : 1. मैट्रिकुलेशन या समतुल्य 2. आई.टी.आई. से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र ।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

(8)	
3. इलेक्ट्रिकल वाइरिंग/फिटिंग के रखरखाव में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव । **वांछनीय** रखरखाव में लगे संस्थान में एयर कंडीशनर, जेनेरेटर आदि के कार्यकरण में एक वर्ष का अनुभव और कारखाना अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत ।	
भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
(11)	(12)
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता
यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(13)	(14)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता ।

[फा. सं. 35-6/2009-प्रशा. III(पी)]

अनीता तिपरा, अवर सचिव

New Delhi, the 12th March, 2010

G.S.R. 56.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Central Sheep Breeding Farm, Hisar (Group 'C' and 'D') Recruitment Rules 2005, in so far as they relate to the post of Electrician except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Electrician in the Ministry of Agriculture, Department of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries, in the Central Sheep Breeding Farm Hisar, namely :—

1. **Short title and commencement. —**(1) These rules may be called the Ministry of Agriculture, Department of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries, Central Sheep Breeding Farm Hisar, Electrician (Group 'C' Post) Recruitment Rules, 2010.

(2). They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and scale of pay. —**The number of the posts, their classification and the scales of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit qualifications etc. —**The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

5. Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from operation of this rule.

6. **Power to relax. —**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, and for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Ex-servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification	Revised Pay Band/Scale/ Grade pay	Whether selection cum Seniority or non-selection post	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Age limit for direct recruitment
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
Electrician	1*(One)(2009) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Services, (Group 'C') Non-Gazetted Non-Ministerial	PB-1 with the pay scale of Rs. 5200-20200+ GP 1900	Not applicable	No	Between 30 years and below (Relaxable for Government servant upto 40 years (45 years in case of SC/ST in accordance with the instrucitons or orders issued by the Central Government)

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promote	Period of probation, if any
(8)	(9)	(10)
Essential 1. Matriculation or equivalent. 2. National Trade Certificate from ITI 3. At least 3 years experience in maintenance of Electrical wirings/fittings. **Desirable :** One year experience of working in an organization engaged in the maintenance of air conditoners, generators etc. and registered under the Factories Act.	Not applicable	Two years

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the posts to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/absorption, grades from which promotion/deputation/absorption to be made
(11)	(12)
By direct recruitment	Not applicable

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
(13)	(14)
Not applicable	Not applicable.

[F. No. 35-6/2009-Admn. III(P)]

ANITA TIPRA, Under Secy.

नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, 16 मार्च, 2010

सा.का.नि. 57.—वायुयान नियम, 1937 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जो केन्द्रीय सरकार, वायुयान अधिनियम, 1934 (1934 का 22) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाना चाहती है, उक्त अधिनियम की धारा 14 द्वारा अपेक्षित तथा उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित किया जाता है और सूचना दी जाती है कि भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना की प्रतियों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराये जाने की तारीख से तीस दिन की अवधि के पश्चात् उक्त प्रारूप पर विचार किया जाएगा ;

आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई है, तो महानिदेशक नागर विमानन, सफदरजंग हवाई अड्डा के सामने, नई दिल्ली-110003 को संबोधित किए जाएं :

उक्त विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व, उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त आपत्ति या सुझाव पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

प्रारूप नियम

1. (1) इन नियमों को वायुयान (संशोधन) नियम, 2010 कहा जाएगा ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में अंतिम प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे ।

2. वायुयान नियम, 1937 में,

(i) नियम 3 में, खंड (33क) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंत: स्थापित किया जाएगा, नामश: :—

''(33ख) ''अनुरक्षण'' से ओवरहॉल, निरीक्षण, प्रतिस्थाप, दोष सुधार तथा उपांतरण या मरम्मत या जाँच में से कोई एक या इनके संयोजन सहित, किसी विमान की सतत उड़नयोग्यता सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित कार्यो का निष्पादन अभिप्रेत है ;'';

(ii) नियम 61 के लिए, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामश:—

''61. **वायुयान अनुरक्षण इंजीनियरों का अनुज्ञापन.**— (1) केन्द्रीय सरकार उन व्यक्तियों को, जो इस नियम में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, इस नियम के प्रावधान के अनुसार अनुज्ञप्तियां, प्राधिकार पत्र या अनुमोदन या सक्षमता प्रमाणपत्र प्रदान कर सकेगी ।

(2) वायुयान अनुरक्षण इंजीनियर अनुज्ञापन या प्राधिकार पत्र, अनुमोदन या सक्षमता प्रमाणपत्र प्रदान करने हेतु या उसके विस्तारण हेतु महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट प्रपत्र और प्रकार अनुसार आवेदन करना होगा ।

(3) वायुयान अनुरक्षण इंजीनियर अनुज्ञापन निम्नलिखित प्रवर्गों में प्रदान किया जा सकेगा, नामश: :—

(क) प्रवर्ग क

(ख) प्रवर्ग ख 1

(ग) प्रवर्ग ख 2

(घ) प्रवर्ग ग

(4) विमानों, हेलीकॉप्टरों, टर्बाइन और पिस्टन इंजिनों से संबंधित प्रवर्ग क और प्रवर्ग ख 1 में अनुज्ञापन निम्नलिखित उप-प्रवर्गों में प्रदान किया जा सकता है, नामश: :—

(क) क 1 विमान टर्बाइन

(ख) क 2 विमान पिस्टन

(ग) क 3 हेलीकॉप्टर टर्बाइन

(घ) क 4 हेलीकॉप्टर पिस्टन

(ङ) ख 1.1 विमान टर्बाइन

(च) ख 1.2 विमान पिस्टन

(छ) ख 1.3 हेलीकॉप्टर पिस्टन

(ज) ख 1.4 हेलीकॉप्टर पिस्टन

(5) वायुयान अनुरक्षण इंजीनियर अनुज्ञापन प्रदान करने हेतु आवेदक निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करेगा, नामश: :—

(क) आयु 18 वर्ष से कम नहीं होगी;

(ख) उसने मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन और गणित के साथ 10 + 2 या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो;

(ग) उसने महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट एक लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो;

परन्तु महानिदेशक ऐसी शर्तों के अधीन जो वे लगाना उचित समझे, किसी आवेदक को लिखित परीक्षा से छूट दे सकेगा, यदि आवेदक को संविदाकारी देश द्वारा वायुयान अनुरक्षण इंजीनियर की हैसियत से कार्य करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई हो; और

(घ) उसके पास कम से कम निम्नलिखित व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, नामश: :—

